

SHRI TUSHAR DURGESHBHAI SHUKLA

Shri Tushar Durgeshbhai Shukla is a poet par excellence, renowned across Gujarat for revitalising Gujarati language through his powerful songs, poems and inspirational talks that links Gujarati culture and values with literature and music.

2. Born on 29th June, 1955, in Ahmedabad, Shri Shukla completed his BA with Gujarati and English literature from St. Xavier's College - Gujarat University in 1976 and MA with Gujarati literature and linguistics from School of Languages - Gujarat University in 1978. He joined All India Radio (AIR) in 1979 as Announcer-junior grade and served AIR for 28 years till he took a premature retirement from the post of Station Director, Rajkot to serve Gujarati language full time. Since 2007, he has been spreading his love for his mother tongue across the globe. He has been to USA, UK, France, Norway, Japan, Australia, Canada, UAE, and many nations of African continent as an invited speaker by NRI community where he has focused on engaging with NRI youth to help them reconnect with their roots.

3. Due to Shri Shukla's ability to connect with masses, especially the youth through poetry that energizes, his poems are used as institution's anthems by Gujarat University, Gokul Global University, Teachers University, L J University, CVM University, Silver Oak University, AMC School board, BANAS Dairy. He has written theme songs for prestigious state events such as the Gujarat Day, Independence Day, Bharatiya Bhasha Sangam, Gujarati Hastakshar Abhiyaan, Rannotsav, Saurashtra Tamil Sangamam, Maharshi Arvind Vandana, Sardar Vandana, Khele Gujarat, G-20 event, Azadi no Amrit Mahotsav. His songs are included in various textbooks of Gujarat.

4. Shri Shukla is a member of Rajabhasha Samiti (MoH-GoI), Advisory Board of GURUVANI - Gujarat University Community Radio, and Adhoc Board of Studies for Journalism- Gujarat University. He has served as a visiting faculty member of Journalism and Development of Communication Gujarat University as well as Radio Training Institute - All India Radio, Ahmedabad. He is also engaged with the next generation communicators by training Radio Jockeys at L.J. College and National Institute of Mass Communication and Journalism (NIJMC) Ahmedabad. He is a columnist for Janmbhoomi Pravasi, and has worked with movies and TV as a script and song writer. Tushar Shukla was invited by Doordarshan - Ahmedabad to write Television films based on great literary works by Gujarati writers, i.e., Govardhanram Tripathi, Jyotindra Dave and Dhansukhlal Maheta, Raghuveer Chaudhary, Bhagavatikumar Sharma - a series that is now a landmark celebrating these literary giants.

5. Shri Shukla has received award for Best song writer for three films from Government of Gujarat. Every major playback singer has sung his songs, making him one of the most popular song writers of Gujarat. He is a recipient of the Gujarat Gaurav Ratna award, Noteworthy personality of Gujarat by Popular magazine - Chitralekha and Daily Divyabhaskar, TIMA award for portraying power and showing respect for women, Times man of the year in the field of literature, Pride of India for contribution in the field of Literature award by Feelings magazine, PUSHTI Ratna award and Brahm Ratna award.



श्री तुषार दुर्गेशभाई शुक्ल

श्री तुषार दुर्गेशभाई शुक्ल एक उत्कृष्ट कवि हैं, जो अपने प्रभावशाली गीतों, कविताओं और प्रेरणादायक वार्ताओं के माध्यम से गुजराती भाषा को पुनर्जीवित करने के लिए पूरे गुजरात में प्रसिद्ध हैं, जो गुजराती संस्कृति और मूल्यों को साहित्य और संगीत से जोड़ते हैं।

2. 29 जून, 1955 को अहमदाबाद में जन्मे, श्री शुक्ल ने वर्ष 1976 में सेंट जेवियर्स कॉलेज, गुजरात विश्वविद्यालय से गुजराती और अंग्रेजी साहित्य में बी.ए. तथा वर्ष 1978 में स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, गुजरात विश्वविद्यालय से गुजराती साहित्य और भाषा विज्ञान में एम.ए. किया। वह वर्ष 1979 में ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) में उद्घोषक–जूनियर ग्रेड के रूप में शामिल हुए और गुजराती भाषा को पूर्णकालिक रूप से सेवा देने के लिए राजकोट के स्टेशन निदेशक के पद से समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने तक 28 वर्ष तक एआईआर में सेवा की। वर्ष 2007 से, वह अपनी मातृभाषा के प्रति अपने प्रेम को दुनिया भर में फैला रहे हैं। वह एनआरआई समुदाय द्वारा आमंत्रित वक्ता के रूप में यूएसए, यूके, फ्रांस, नॉर्वे, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएई और अफ्रीकी महाद्वीप के कई देशों में जा चुके हैं, जहाँ उन्होंने एनआरआई युवाओं को अपनी जड़ों से फिर से जुड़ने में मदद करने के लिए उनसे जुड़ने पर ध्यान केंद्रित किया है।

3. श्री शुक्ल की आम जनता, खासकर युवाओं को ऊर्जावान कविताओं के माध्यम के से जोड़ने की क्षमता के कारण, उनकी कविताओं को गुजरात विश्वविद्यालय, गोकुल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, टीचर्स यूनिवर्सिटी, एलजे यूनिवर्सिटी, सीवीएम यूनिवर्सिटी, सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी, एएमसी स्कूल बोर्ड, बनास डेयरी द्वारा संस्थान के गान के रूप में उपयोग किया जाता है। उन्होंने गुजरात दिवस, स्वतंत्रता दिवस, भारतीय भाषा संगम, गुजराती हस्ताक्षर अभियान, रणोत्सव, सौराष्ट्र तमिल संगमम, महर्षि अरविंद वंदना, सरदार वंदना, खेले गुजरात, जी–20 कार्यक्रम, आज़ादी का अमृत महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित राज्य कार्यक्रमों के लिए थीम गीत लिखे हैं। उनके गीत गुजरात की विभिन्न पाठ्य पुस्तकों में शामिल हैं ।

4. श्री शुक्ल राजभाषा समिति (गृह मंत्रालय–भारत सरकार), गुरुवाणी– गुजरात विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो के सलाहकार बोर्ड और पत्रकारिता के अध्ययन के लिए तदर्थ बोर्ड– गुजरात विश्वविद्यालय के सदस्य हैं। उन्होंने पत्रकारिता और संचार विकास गुजरात विश्वविद्यालय के साथ–साथ रेडियो प्रशिक्षण संस्थान– ऑल इंडिया रेडियो, अहमदाबाद के विजिटिंग संकाय सदस्य के रूप में कार्य किया है। वह एलजे कॉलेज और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म (एनआईजेएमसी) अहमदाबाद में रेडियो जॉकी को प्रशिक्षण देकर अगली पीढ़ी के संचारकों के साथ भी जुड़े हुए हैं। वह जन्मभूमि प्रवासी के लिए एक स्तंभकार हैं , और फिल्मों और टीवी में पटकथा और गीत लेखक के रूप में काम किया है। तुषार शुक्ल को दूरदर्शन – अहमदाबाद द्वारा गुजराती लेखकों, अर्थात् गोवर्धनराम त्रिपाठी, ज्योतिंद्र दवे और धनसुखलाल महेता, रघुवीर चौधरी, भगवतीकुमार शर्मा की महान साहित्यिक कृतियों पर आधारित टेलीविजन फिल्में लिखने के लिए आमंत्रित किया गया था जो एक श्रृंखला के रूप में अब इन साहित्यिक दिग्गजों का जश्न मनाने वाली एक ऐतिहासिक श्रृंखला बन गई है।

5. श्री शुक्ल को गुजरात सरकार की ओर से तीन फिल्मों के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार मिला है। हर प्रमुख पार्श्व गायक ने उनके गीत गाए हैं, जिससे वह गुजरात के सबसे लोकप्रिय गीतकारों में से एक बन गए हैं। उन्हें लोकप्रिय पत्रिका – चित्रलेखा और दैनिक दिव्यभास्कर द्वारा गुजरात गौरव रत्न पुरस्कार, गुजरात के उल्लेखनीय व्यक्तित्व, शक्ति चित्रण और महिलाओं के प्रति सम्मान दिखाने के लिए टीआईएमए पुरस्कार, साहित्य के क्षेत्र में टाइम्स मैन ऑफ द ईयर, फीलिंग्स पत्रिका द्वारा साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए प्राइड ऑफ इंडिया पुरस्कार, पुष्टि रत्न पुरस्कार और ब्रह्म रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।